दिनांक : 18.09.2024 समय : 02.10pm

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल
दोपहर समाचार

राष्ट्रपति दौरा–इंदौर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर आ रही हैं। वे इंदौर और उज्जैन में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगी।

श्रीमती मुर्मू आज अपने दौरे के पहले दिन इंदौर के मृगनयनी एम्पोरियम जाएँगी और अपने हुनर के लिए ख्याति अर्जित कर चुके कारीगरों से मुलाकात करेंगी। मृगनयनी मप्र सरकार का प्रमुख हैंडलूम साड़ी केंद्र हैं।

राष्ट्रपति कल उज्जैन में सफाई मित्र सम्मेलन को संबोधित करेंगी और इंदौर–उज्जैन सिक्स लेन सड़क परियोजना का शिलान्यास करेंगी। राष्ट्रपति श्री महाकालेश्वर मंदिर भी जाएंगी। वे श्री महाकाल लोक के मूर्तिकारों से भी बातचीत करेंगी।

राष्ट्रपति इंदौर में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के 14वें दीक्षांत समारोह में भी शामिल होंगी।

....

स्वच्छ भारत

प्रदेश में भी स्वच्छ भारत मिशन की 10वीं वर्षगांठ के मौके पर कल से "स्वच्छता ही सेवा अभियान" शुरू हुआ। इस वर्ष स्वच्छता ही सेवा अभियान की थीम "स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता" पर केन्द्रित कार्यक्रम आज से ही शुरू हो गये हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वच्छता अभियान में अधिक से अधिक जन–भागीदारी पर जोर दिया है।

अभियान के दौरान लोगों को अपने व्यवहार में स्वच्छता आत्मसात करने के लिये प्रेरित किया जायेगा। यह अभियान 2 अक्टूबर तक चलेगा। शहडोल जिले में सरकारी कर्मचारी, निजी संस्थान, सामाजिक संगठन और आम नागरिकों को इस अभियान से जोड़ा जा रहा है। अभियान के पहले दिन तालाब में सफाई की गई। सफाई के बाद तालाब परिसर में एक पेड़ मां के नाम एक पौधा लगाया गया। इस अवसर पर सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

....

इंडिया वाटर वीक

8वें इंडिया वाटर वीक 2024 का आयोजन भारत मंडपम, नई दिल्ली में किया गया । कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सचिव पी. नरहरि ने जल प्रबंधन, सतत विकास और स्वच्छ पेयजल उपलब्धता के विषय में अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर श्री नरहरि ने जल संरक्षण और प्रबंधन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, समाज के हर वर्ग तक स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है और इसके लिए हमें सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है।

....

श्राद्ध पक्ष

श्राद्ध पक्ष जिसे पितृपक्ष भी कहा जाता है आज से प्रारंभ हो गए हैं । लोगों द्वारा 16 दिनों तक अपने दिवंगत हुए परिजनों और पूर्वजों को श्रद्धा भाव से तर्पण किया जाता है । विदिशा में बेतवा नदी पर श्रद्धालुओं द्वारा तर्पण किया गया।

....

मौसम

प्रदेश में लो प्रेशर एरिया और मानसून ट्रफ की वजह से बारिश का सिलसिला जारी है। प्रदेश के पूर्वी हिस्से यानी जबलपुर, शहडोल, रीवा और सागर संभाग में एक्टिव हुआ स्ट्रॉन्ग सिस्टम अब आगे बढ़ गया है। अब नए सिस्टम के एक्टिव होने तक प्रदेश में हल्की बारिश, तेज धूप और छांव वाला मौसम रहेगा। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में भिंड, मुरैना, श्योपुर और शिवपुरी में तेज बारिश की संभावना जताई है।

....

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अन्तर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर आगरमालवा नगर पालिका को बेस्ट लोन परफॉर्मेंस का अवार्ड मिला है। नगर पालिका ने प्रदेश में पाँचवां स्थान हांसिल किया है।
- रायसेन में स्वच्छता सेवा अभियान के तहत नगर पालिका द्वारा नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किए जाने के उद्देश्य से बाइक जागरूकता रैली निकाली गई।

....